रौल नं०.......................नाम परीक्षार्थी.........................................................

IX-1

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई० A

## हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों (क) एवं (ख) में विभाजित है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

### खण्ड–क

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. हिन्दी गद्य के प्राचीनतम प्रयोग मिलते हैं :– 1
   (क) राजस्थानी में (ख) मैथिली में
   (ग) बुन्देलखण्डी में (घ) हरियाणवी में।
2. हिन्दी गद्य साहित्य के जनक माने जाते हैं :– 1
   (क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ख) पं. लल्लूलाल
   (ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (घ) इंशा अल्ला खॉं।
3. कहानी का जन्म किस पत्रिका से माना जाता है :– 1
   (क) सरस्वती से (ख) नागरी प्रचारिणी पत्रिका से
   (ग) हंस से (घ) इन्दु से।
4. 'परीक्षा गुरु' के लेखक हैं :– 1
   (क) सुदर्शन (ख) लाला श्रीनिवासदास
   (ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) चतुरसेन शास्त्री।
5. 'गुरु नानकदेव' किस प्रकार का निबन्ध है :– 1
   (क) विवेचनात्मक (ख) संस्मरणात्मक
   (ग) रेखाचित्रात्मक (घ) आत्म कथात्मक।
6. आधुनिककाल को कितने मुख्य भागों में विभाजित किया गया है :– 1
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
7. अमीर खुसरो कवि हैं :– 1
   (क) आदिकाल के (ख) भक्ति काल के
   (ग) रीतिकाल के (घ) आधुनिककाल के।
8. नरपति नाल्ह ने लिखा है :– 1
   (क) बीसलदेव रासो (ख) सन्देश रासक
   (ग) खुमान रासो (घ) पदावली।
9. सूफी काव्यधारा के कवि हैं :– 1
   (क) बिहारी (ख) तुलसीदास
   (ग) नाभादास (घ) जायसी।
10. तुलसीदास की रचना नहीं है :– 1
    (क) रामलला नहछू (ख) पार्वती–मंगल
    (ग) कवितावली (घ) रामचन्द्रिका।

(पृष्ठ पलटिए)

11. "लता ओट तक सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किसोर सुहाए॥" पंक्ति में प्रयुक्त रस है :- 1

(क) शान्त रस (ख) वत्सल रस
(ग) वीर रस (घ) श्रृंगार रस।

12. दोहें के सम चरणों (2-4) के अन्त में वर्ण होते हैं :- 1

(क) गुरु-गुरु (ख) लघु-गुरु
(ग) गुरु-लघु (घ) लघु-लघु।

13. 'तीन बेर खाती थीं, वे तीन बेर खाती हैं, विजन डुलाती थी, वे विजन डोलाती हैं।' ये पंक्तियाँ उदाहरण हैं :- 1

(क) अनुप्रास अलंकार का (ख) श्लेष अलंकार का
(ग) उपमा अलंकार का (घ) यमक अलंकार का।

14. 'भिच्छा' शब्द की सही वर्तनी है :- 1

(क) भिक्सा (ख) भिक्शा
(ग) भिक्षा (घ) भिक्छा।

15. 'हृदय का तद्भव रूप है :- 1

(क) हिय (ख) मन
(ग) दिल (घ) जी।

16. 'दानव' का विलोम शब्द है :- 1

(क) दैत्य (ख) मानव
(ग) देवता (घ) लोग।

17. 'देवेन्द्र' किसका पर्यायवाची है :- 1

(क) देवता (ख) ईश्वर
(ग) कृष्ण (घ) इन्द्र।

18. तत्पुरुष समास के पूर्वपद में कौन-सी विभक्ति नहीं होती :- 1

(क) सप्तमी (ख) षष्ठी
(ग) चतुर्थी (घ) प्रथमा।

19. 'राजर्षि.' का सन्धि-विच्छेद होगा :- 1

(अ) रा + जर्षि: (ब) राजा + ऋषि:
(स) राज: + र्षि: (द) राज: + ऋि:।

20. 'गम्' धातु, विधिलिङ्लकार, मध्यम पुरुष, बहुवचन का रूप है :-

(क) गच्छेयु (ख) गच्छेत्
(ग) गच्छेत (घ) गच्छेतम्।

## खण्ड-ख
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

हमारे पूरम पूजनीय आर्यगण अपनी बात का इतना पक्ष करते थे कि "तन तिय तनय धाम धन धरनी। सत्यसंध कहँ तृन सम बरनी।" अथचा "प्रानन ते सुत अधिक है, सुत ते अधिक परान। ते दूनों दशरथ तजे, बचन न दीन्हौं जान।" इत्यादि उनकी अक्षर-संबद्धा कीर्ति सदा संसार पट्टिका पर सोने के अक्षरों से लिखी रहेगी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) हमारे पूजनीय आर्यगणों की क्या विशेषता थी?

**अथवा**

जैसे नशे में आदमी की देह अपने काबू में नहीं रहतीद; पैर कहीं रखता हैं, पड़ता कहीं है; कहता कुछ है, जवान से निकलता कुछ है; वही हाल इस समय भगत का था। मन में प्रतिकार था, पर कर्म मन के अधीन न था। जिसने कभी तलवार नहीं चलाई, वह इरादा करने पर भी तलवार नहीं चला सकता। उसके हाथ काँपते हैं, उठते ही नहीं। भगत लाठी खट-खट करता लपका चला जाता था। चेतना रोकती थी, पर उपचेतना ठेलती थी। सेवक स्वामी पर हावी था।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) भगत की किस मनोदशा का वर्णन हुआ है।

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

पायो जी म्हैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो।
जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सभी खोवायो।
खरचै नहिं कोइ चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवायो॥
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भव-सागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस गायौ॥

(अ) कवयित्री और कविता का नाम लिखिए।

(ब) मीरा ने कौन-सा धन प्राप्त किया है?

(स) भवसागर को तरने का मीरा के पास कौन-सा साधन है?

**अथवा**

कूकै लगीं कोइलैं कदम्बन पै बैठि फेरि,
धोए-धोए पात हिलि-हिलि सरसै लगे।
वोलै लगे दादुर मयूर लगे नाचै फेरि,
देखि के सँजोगी जन हिय हरसै लगे॥
हरी भई भूमि सीरी पवन चलन लागी,
लखि 'हरिचन्द' फेरि प्रान तरसै लगे।
फेरि झूमि-झूमि बरषा की रितु आई फेरि,
वादर निगोरे झुकि-झुकि बरसै लगे॥

(अ) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(व) पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है।

(स) किसके प्राण तरसने लगे है और क्यों?

23. (क) निम्नलिखित का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 3+1=4

सतां सज्जनानाम् आचारः सदाचारः। ये जनाः सद् एव विचारयन्ति, सद् एवं वदन्ति, सद् एव आचरन्ति च, ते एव सज्जनाः भवन्ति। सज्जनाः यथा आचरन्ति तथैवाचरणं सदाचारः भवति। सदाचारेणैव सज्जनाः स्वकीयानि इन्द्रियाणि वशे कृत्वा सर्वैः सह शिष्टं व्यवहारं कुर्वन्ति।

(पृष्ठ पलटिए)

**अथवा**

विपन्नः धर्मदासः सम्पत्तिम् अभिलषन् वर्षम् एकं यथोक्तम् अनुष्ठानम् अकरोत्। नित्यं प्रातः जागरणेन तस्य स्वास्थ्यम् अवर्धत्। तेन नियमेन पोषिताः पशवः स्वस्थाः सबलाः च जाताः, गावः महिष्य च प्रचुरं दुग्धम् अयच्छन्। तदानीं तस्य कर्मकराः अपि कृषिकार्ये सन्नद्धाः अभवन्। अतः तस्मिन् वर्षे तस्य क्षेत्रेषु प्रभुतम् अन्नम् उत्पन्नं, गृहं च धनधान्यपूर्ण जातम्।

(ख) निम्नलिखि संस्कृत पद्यांशों का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 4

यतो यतः समीहसे, ततो नोऽभयं कुरु।
शन्नः कुरु प्रजाभ्यो-ऽभयं नः पशुभ्यः॥

**अथवा**

धर्मज्ञः सत्यसन्धश्च प्रजानां च हिते रतः।
यशस्वी ज्ञानसम्पन्नः शुचिर्वश्यः समाधिमान्॥

24. 'दीपदान' एकांकी के कथा-संघटन पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 5

**अथवा**

'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर रौशन की माँ की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

25. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुये उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए :- 4

(अ) प्रेमचन्द (ब) महादेवी वर्मा

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुये उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए :- 4

(अ) कबीरदास (ब) मीराबाई।

26. अपनी पाठ्य पुस्तक संस्कृत से कंठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए:- 4

(अ) ईश्वरस्य किं स्वरूपम् अस्ति?
(ब) मनुष्याणां परमं धनं किम् अस्ति?
(स) रामस्य के विशिष्टाः गुणाः आसन्?
(द) रामदासः केन सह क्षेत्राणि गच्छति?

28. निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे और एक लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य-प्रयोग कीजिए :- 2

(अ) अक्ल का अन्धा (ब) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(स) टस-से-मस न होना (द) बाल की खाल निकालना।

29. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :- 4

(अ) विनय मनुष्यों का आभूषण है (ब) राम स्वभाव से दयालु है
(स) छात्र पढ़ेगा (द) दो बालक गेंद से खेलते है।

30. अपने प्रधानाचार्य को स्वयं के बीमार होने पर अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय में खेल कूद की समुचित व्यवस्था के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।